**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1628**
**01 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**कर्नाटक में प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी के तहत संस्वीकृत आवास**

**†1628. डॉ. के. सुधाकरः**

क्या ***आवासन और शहरी कार्य*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास कर्नाटक के लिए पीएमएवाई-यू के तहत संस्वीकृत आवासों की कुल संख्या के बारे में आंकड़े उपलब्ध हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास कर्नाटक के लिए स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) के तहत शुरू की गई विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति के बारे में आंकड़े उपलब्ध हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या चिकबल्लापुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में अमृत 2.0 योजना के तहत कुछ परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) के तहत कर्नाटक और चिकबल्लापुर में गठित स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) का ब्यौरा क्या है और ऐसे सभी समूहों को क्या सहायता दी गई है**?**

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क) से (घ): 'भूमि', 'कॉलोनीकरण', 'स्थानीय सरकार', 'जल आपूर्ति' और 'शहरी गरीबी उपशमन' राज्य/शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के दायरे में आते हैं। इसलिए, अपने नागरिकों के लिए आवास, नागरिक सुविधाओं और आजीविका से संबंधित योजनाओं को राज्यों/राज्य संघ क्षेत्रों(यूटी) द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। हालांकि, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय विभिन्न मिशनों जैसे कि प्रधान मंत्री आवास योजना- शहरी (पीएमएवाई-यू), स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम), अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत 2.0), स्वच्छ भारत मिशन - शहरी (एसबीएम-यू 2.0 ) और दीनदयाल अन्त्योदय योजना -राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) के माध्यम से शहरी क्षेत्रों में आजीविका संवर्धन के साथ-साथ आवास और नागरिक सुविधाएं प्रदान करने के राज्यों/राज्य संघ क्षेत्रों के प्रयासों में सहायता प्रदान करता है।

पीएमएवाई-यू के अंतर्गत कर्नाटक में स्वीकृत, निर्माणाधीन और पूर्ण/ लाभार्थियों को सौंपे किए गए आवासों का जिला-वार विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के तहत कर्नाटक के सात शहरों अर्थात बेलगावी, हुबली-धारवाड़, मंगलुरु, शिवमोग्गा, दावणगेरे, टुमकुर और बेंगलुरु का चयन किया गया है । कर्नाटक में मिशन की प्रगति का विवरण अनुलग्नक II में दिया गया है।

चिक्कबल्लापुर निर्वाचन क्षेत्र में अमृत 2.0 के अंतर्गत 822.85 करोड़ रूपये की लागत की कुल 24 जलापूर्ति परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। मंजूर की गई परियोजनाओं में से 269.94 करोड़ रूपये की लागत की 06 परियोजनाओं के लिए डीपीआर तैयार कर ली गई है तथा 514.91 करोड़ रूपये की लागत की 17 परियोजनाओं के लिए एनआईटी जारी कर दी गई है। उपर्युक्त जिलों के अंतर्गत मंजूर की गई परियोजनाओं का विवरण अनुलग्नक III में दिया गया है।

शुरुआत से 15.07.2024 तक चिक्काबल्लापुर सहित कर्नाटक में कुल 41,006 स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) गठित किए गए हैं। चिक्काबल्लापुर सहित कर्नाटक राज्य में 23,992 एसएचजी को 171.23 करोड़ रूपये की राशि प्रदान की गई है ।

*****

दिनांक 01-08-2024 के लिए नियत लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1628 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I

**पीएमएवाई-यू के अंतर्गत कर्नाटक राज्य में प्रारंभ से लेकर अब तक वास्तविक प्रगति का जिला-वार विवरण**

| क्र. सं. | ज़िला | स्वीकृत मकान (संख्या) | निर्माणाधीन मकान (संख्या) | पूर्ण किये गये मकान (संख्या) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बागलकोट | 19,844 | 18,503 | 13,280 |
| 2 | बल्लारी | 24,769 | 22,028 | 12,923 |
| 3 | बेलगावी | 44,426 | 42,081 | 23,532 |
| 4 | बेंगलुरु ग्रामीण | 6,969 | 6,740 | 5,198 |
| 5 | बेंगलुरु शहरी | 1,58,016 | 1,41,419 | 90,769 |
| 6 | बीदर | 14,134 | 11,907 | 8,611 |
| 7 | चामराजनगर | 5,610 | 4,817 | 4,138 |
| 8 | चिक्कबल्लापुर | 6,558 | 6,167 | 3,898 |
| 9 | चिक्कामगलुरु | 6,479 | 6,277 | 3,183 |
| 10 | चित्रदुर्ग | 18,124 | 16,317 | 9,609 |
| 11 | दक्षिण कन्नड़ | 10,592 | 9,541 | 8,142 |
| 12 | दावणगेरे | 14,015 | 12,629 | 9,806 |
| 13 | धारवाड़ | 24,024 | 23,498 | 14,416 |
| 14 | गदग | 23,296 | 15,421 | 9,240 |
| 15 | हसन | 9,272 | 9,099 | 5,556 |
| 16 | हावेरी | 16,631 | 14,572 | 10,448 |
| 17 | कलबुर्गी | 30,589 | 27,117 | 16,365 |
| 18 | कोडागू | 848 | 813 | 562 |
| 19 | कोलार | 8,773 | 7,860 | 5,582 |
| 20 | कोप्पल | 10,364 | 9,947 | 7,169 |
| 21 | मंड्या | 5,921 | 5,893 | 4,582 |
| 22 | मैसूरु | 31,526 | 25,483 | 15,690 |
| 23 | रायचूर | 22,219 | 20,838 | 12,552 |
| 24 | रामानगर | 11,727 | 11,615 | 6,149 |
| 25 | शिवमोगा | 19,279 | 17,625 | 9,239 |
| 26 | तुमकुरु | 17,556 | 16,266 | 9,972 |
| 27 | उडुपी | 4,631 | 4,583 | 3,570 |
| 28 | उत्तर कन्नड़ | 12,895 | 11,801 | 6,244 |
| 29 | विजयनगर | 16,296 | 13,381 | 9,520 |
| 30 | विजयपुरा | 31,865 | 28,828 | 21,166 |
| 31 | यादगीर | 10,873 | 10,094 | 8,338 |
| कुल | | 6,38,121 | 5,73,160 | 3,69,449 |

दिनांक 01-08-2024 के लिए नियत लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1628 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-II

**कर्नाटक में स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) के अंतर्गत परियोजना की प्रगति का विवरण**

**कार्यान्वयन स्थिति (लागत करोड़ रूपये में)**

| **शहर** | **कुल** | | **पूरी हो चुकी** | |
|---|---|---|---|---|
| | **परियोजनाएं** | **लागत** | **परियोजनाएं** | **लागत** |
| बेलगावी | 217 | 2,780 | 211 | 2,716 |
| बेंगलुरु | 48 | 1,034 | 47 | 1,015 |
| दावनगेरे | 128 | 1,976 | 125 | 1,933 |
| हुब्बली, धारवाड़ | 81 | 1,950 | 78 | 1,817 |
| मंगलुरु | 105 | 2,573 | 93 | 2,429 |
| शिवमोगा | 112 | 1,381 | 111 | 1,372 |
| तुमकुरु | 217 | 2,059 | 216 | 2,048 |
| **कुल** | **908** | **13,752** | **881** | **13,330** |

दिनांक 01-08-2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1628 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-III

**अमृत 2.0 के तहत चिक्कबल्लापुर निर्वाचन क्षेत्र, कर्नाटक में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण**

| क्र.सं. | ज़िला | यूएलबी | परियोजना प्रकार | परियोजना का शीर्षक | परियोजना उपलब्धि | कुल परियोजना लागत (करोड़ रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चिक्कबल्लापुर | गौरीबिदनूर (टीएमसी) | जलापूर्ति | गौरीबिदनूर शहर को जलापूर्ति योजना उपलब्ध कराना | एनआईटी जारी | 65.76 |
| 2 | बैंगलोर ग्रामीण | बसेट्टीहाल्ली | जलापूर्ति | बसेट्टीहल्ली शहर को जलापूर्ति योजना उपलब्ध कराना | डीपीआर तैयार | 51.49 |
| 3 | बैंगलोर ग्रामीण | देवनहल्ली (टीएमसी) | जलापूर्ति | देवनहल्ली शहर को जलापूर्ति योजना उपलब्ध कराना | डीपीआर तैयार | 44.87 |
| 4 | बैंगलोर शहरी | मदनायकनहल्ली | जलापूर्ति | मदनैयाकनहल्ली शहर को जलापूर्ति योजना प्रदान करना | डीपीआर तैयार | 51.4 |
| 5 | बैंगलोर शहरी | हुनसमरनहल्ली | जलापूर्ति | हुनसमरनहल्ली शहर को जलापूर्ति योजना प्रदान करना | डीपीआर तैयार | 52.18 |
| 6 | बैंगलोर शहरी | चिक्काबनवरा | जलापूर्ति | चिक्काबनवारा कस्बे को जलापूर्ति योजना उपलब्ध कराना | डीपीआर तैयार | 29.5 |
| 7 | चिक्कबल्लापुर | गुडीबांडा (टीपी) | जलापूर्ति | गुडीबांडा कस्बे को जलापूर्ति योजना उपलब्ध कराना | एनआईटी जारी | 16.65 |
| 8 | रामनगर | हारोहल्ली | जलापूर्ति | हारोहल्ली शहर को एचएससी के साथ जल आपूर्ति वितरण प्रणाली प्रदान करना | एनआईटी जारी | 11.41 |
| 9 | रामनगर | कनकपुरा | जलापूर्ति | कनकपुरा कस्बे को जल आपूर्ति प्रणाली उपलब्ध कराना | एनआईटी जारी | 146.34 |
| 10 | बैंगलोर ग्रामीण | होसाकोटे (सीएमसी) | जलापूर्ति | होसाकोटे शहर को एचएससी के साथ जल आपूर्ति वितरण प्रणाली प्रदान करना | एनआईटी जारी | 14.15 |
| 11 | रामनगर | हारोहल्ली | जलापूर्ति | हारोहल्ली शहर को जल आपूर्ति प्रणाली प्रदान करना | एनआईटी जारी | 22 |
| 12 | रामनगर | चन्नपटना (सीएमसी) | जलापूर्ति | चनपटना शहर को एचएससी के साथ जल आपूर्ति वितरण प्रणाली प्रदान करना | एनआईटी जारी | 38.73 |

| क्र.सं. | ज़िला | यूएलबी | परियोजना प्रकार | परियोजना का शीर्षक | परियोजना उपलब्धि | कुल परियोजना लागत (करोड़ रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | बैंगलोर ग्रामीण | डीओडी बल्लापुर (सीएमसी + ओजी) | जलापूर्ति | डोड्डाबल्लापुर को एचएससी के साथ वितरण प्रणाली प्रदान करना | एनआईटी जारी | 9.55 |
| 14 | बैंगलोर शहरी | जिगनी (टीएमसी) | जलापूर्ति | जिगानी को एचएससी के साथ वितरण प्रणाली प्रदान करना | एनआईटी जारी | 9.43 |
| 15 | बैंगलोर शहरी | अनेकल (टीएमसी) | जलापूर्ति | अनेकल को एचएससी के साथ जल आपूर्ति वितरण प्रणाली प्रदान करना | एनआईटी जारी | 48.37 |
| 16 | रामनगर | मगदी (टीएमसी) | जलापूर्ति | मगदी शहर को एचएससी के साथ जल आपूर्ति वितरण प्रणाली प्रदान करना | एनआईटी जारी | 12.44 |
| 17 | चिक्कबल्लापुर | चिक्काबल्लापुरा (सीएमसी) | जलापूर्ति | चिक्काबल्लपुरा शहर को एचएससी के साथ जल आपूर्ति वितरण प्रणाली प्रदान करना | एनआईटी जारी | 18.88 |
| 18 | रामनगर | बिदादी (टीएमसी) | जलापूर्ति | बिदादी शहर को जल आपूर्ति प्रणाली उपलब्ध कराना | डीपीआर तैयार | 40.5 |
| 19 | चिक्कबल्लापुर | चिंतामणि (सीएमसी) | जलापूर्ति | चिंतामणि शहर को जल आपूर्ति प्रणाली उपलब्ध कराना | परियोजना अनुमोदित | 38 |
| 20 | चिक्कबल्लापुर | बागेपल्ली (टीएमसी) | जलापूर्ति | बागेपाली शहर में एचएससी के साथ जलापूर्ति वितरण प्रदान करना | एनआईटी जारी | 14.15 |
| 21 | चिक्कबल्लापुर | चिंतामणि (सीएमसी) | जलापूर्ति | चिंतामणि शहर को एचएससी के साथ जलापूर्ति वितरण प्रदान करना | एनआईटी जारी | 14.15 |
| 22 | बैंगलोर शहरी | अनेकल (टीएमसी) | जलापूर्ति | अनेकल शहर को जल आपूर्ति प्रणाली उपलब्ध कराना | एनआईटी जारी | 40.19 |
| 23 | बैंगलोर शहरी | जिगनी (टीएमसी) | जलापूर्ति | जिगानी शहर को जलापूर्ति प्रणाली उपलब्ध कराना | एनआईटी जारी | 26.58 |
| 24 | रामनगर | कनकपुरा | जलापूर्ति | कनकपुरा शहर को एचएससी के साथ जल आपूर्ति वितरण प्रणाली प्रदान करना | एनआईटी जारी | 6.13 |